पत्रांक : 386 (1)/आम/जि.प.ब./2023-24 दिनांक : 05.02.2024

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नं.1 वायु सेना, गोरखपुर

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत संस्थान)

पोस्ट-कुसुम्ही एयर पोर्ट, गोरखपुर, (उ.प्र.)-273002

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

शिक्षकों/प्रशिक्षकों की (पूर्णतः अस्थायी/संविदा आधारित) नियुक्ति हेतु साक्षात्कार तथा सेवा एवं समान आपूर्ति हेतु पंजीकरण

(अ) अंशकालिक (संविदा) शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विद्यालय परिसर में निम्नलिखित विवरण के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु शिक्षकों का एक पैनल तैयार करने के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा ताकि उनकी सेवाएं जब एवं जैसे ही आवश्यक हो; ली जा सकें।

दिनांक	समय	विवरण
14.02.2024	प्रातः 9.30 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक	परामर्शदाता शिक्षक, नर्स, खेलकूद प्रशिक्षक, कंप्यूटर अनुदेशक प्राथमिक शिक्षक एवं कला प्रशिक्षक, योग प्रशिक्षक, स्पेशल एजुकेटर बालवाटिका शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक (संगीत)
15.02.2024	प्रातः 9.30 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक	पी.जी.टी. (अंग्रेजी, हिंदी, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञानं, कंप्यूटर विज्ञान, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, भूगोल, राजनीति विज्ञान इतिहास) टी.जी.टी. (अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत)

पूर्णतः अस्थायी अंशकालिक संविदा के आधार पर विभिन्न पदों हेतु पैनल तैयार करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। संविदा के आधार पर नियुक्ति विद्यालय में रिक्ति होने या किसी शिक्षक के अवकाश पर जाने की स्थिति में ही नियमानुसार की जाएगी। नियुक्ति मिलने के बावजूद संगठन में किसी भी तरह से स्थायीकरण की पात्रता किसी को नहीं होती है। शैक्षणिक योग्यता पूरी करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट https://no1gorakhpur.kvs.ac.in/ से डाउनलोड कर भरें तथा दिनांक 11.02.2024 रविवार की शाम 5100•बजे तक अवश्य ईमेल pmshrikvafsrecruitment@gmail.com पर भेज दें। 5.00 के बाद मिले किसी भी मेल पर विचार नहीं किया जाएगा। ईमेल से आवेदन नहीं भेजने वाले अभ्यर्थी साक्षात्कार में किसी भी स्थिति में शामिल नहीं किए जाएंगे। पूरी तरह भरे हुए मूल आवेदन पत्र एवं स्वप्रमाणित संलग्नों की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ दी गई तिथियों को 8.00 बजे सुबह विद्यालय में उपस्थित होंगे। कागजातों की जांच सुबह 8.00 से 11.00 बजे तक ही संबंधित पदों हेतु उन दिनों में की जाएगी। प्रातः 11.00 बजे के बाद आने पर किसी भी साक्षात्कार हेतु शामिल नहीं किया जाएगा। किसी पद हेतु अभ्यर्थियों की संख्या सामान्य से अधिक होने पर उसी दिन लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा सकता है जिसमें सर्वाधिक अंक पाने वाले 15 अभ्यर्थियों का ही साक्षात्कार लिया जाएगा। इस संबंध में निर्विवाद रूप से प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा। साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए यात्रा/दैनिक भता देय नहीं होगा। अहर्ता एवं अन्य जानकारी हेतु https://kvsangathan.nic.in/ देखें। इस सूचना में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट https://no1gorakhpur.kvs.ac.in/ पर जाएं।

(ब).वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विद्यालय में सेवाओं एवं सामान की आपूर्ति करने वाली प्रतिष्ठित फर्म का पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 28/02/2024 (2.00 बजे तक) है; जिसके लिए आवेदन पत्र अधिकृत एवं निबंधित फर्मों से संबंधित सभी कागजातों के साथ आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट https://no1gorakhpur.kvs.ac.in/ से डाउनलोड कर भरे। विशेष जानकारी हेतु विद्यालय के कार्यालय से 0551-2980333, 2980444 पर संपर्क करें।

प्राचार्य

फ.43049/2023-24/केवि.चित्र./ दिनांक 05.02.2023